# गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा।

## मॉडल पेपर (अनिवार्य हिंदी)

LEO College

**1.** 'हिंदुस्तान की तूती' कहा जाता है–

(क) कबीर को (ख) तुलसीदास को

(ग) अमीर खुसरो को (घ) मलिक मुहम्मद जायसी को उत्तर–(ग)

**2.** हिंदी का संबंध किस भाषा परिवार से है ?

(क) सूडानी (ख) आग्नेय

(ग) भारोपीय (घ) द्रविड़ उत्तर–(ग)

**3.** 'पृथ्वीराज रासो' के रचनाकार हैं–

(क) चंद बरदायी (ख) नरपति नाल्ह

(ग) सूर्यमल्ल मिश्रण (घ) सूरदास उत्तर–(क)

**4.** निम्नलिखित में वीर रस की भाषा मानी गई है–

(क) पिंगल (ख) मैथिली

(ग) अवधी (घ) डिंगल उत्तर–(घ)

**5.** 'सरस्वती' पत्रिका का आरंभ कब हुआ ?

(क) 1900 ई. (ख) 1903 ई.

(ग) 1910 ई. (घ) 1800 ई. उत्तर–(क)

**6.** 'पशिचिमी हिंदी' के अंतर्गत सम्मिलित नहीं है–

(क) खड़ी बोली (ख) ब्रज

(ग) बुंदेली (घ) बघेली उत्तर–(घ)

**7.** निम्नलिखित में ब्रजभाषा का क्षेत्र नहीं है–

(क) मथुरा (ख) अलीगढ़

(ग) बरेली (घ) फैजाबाद उत्तर–(घ)

**8.** निम्नलिखित में किसे 'कौशली' भी कहा जाता है ?

(क) भोजपुरी (ख) अवधी

(ग) खड़ी बोली (घ) मालवी उत्तर–(ख)

**9.** निम्नलिखित में हाडौती का क्षेत्र है–

(क) अलवर (ख) गंगानगर

(ग) झालावाड़ (घ) बीकानेर उत्तर–(ग)

**10.** निम्नलिखित में 'अपभ्रंश की जेठी बेटी' कहलाती है–

(क) पश्चिमी हिंदी (ख) राजस्थानी
(ग) पूर्वी हिंदी (घ) पहाड़ी उत्तर–(ख)

**11.** निम्नलिखित में देवनागरी में नहीं लिखी जाती है–

(क) गुजराती (ख) हिंदी
(ग) नेपाली (घ) मराठी उत्तर–(क)

**12.** निम्नलिखित में देवनागरी लिपि सुधार से संबंधित नहीं है–

(क) जयशंकर प्रसाद (ख) महादेव गोविंद रानाडे
(ग) काका कालेलकर (घ) लोकमान्य बालगंगाधर तिलक उत्तर–(क)

**13.** 'तिलक टाईप' में कितने फॉण्ट थे ?

(क) 200 (ख) 198
(ग) 190 (घ) 192 उत्तर–(ग)

**14.** अ, आ, अि, अी – इस प्रकार 'अ' पर मात्राएँ लगाने का सुझाव किसने दिया था?

(क) महादेव गोविद रानाडे (ख) सावरकर
(ग) विनोबा भावे (घ) महात्मा गाँधी उत्तर–(क)

**15.** देवनागरी लिपि से महाप्राण ध्वनियाँ हटाने का सुझाव किसने दिया था ?

(क) श्रीनिवास दास (ख) गोरख प्रसाद
(ग) विनोबा भावे (घ) आचार्य नरेंद्रदेव उत्तर–(क)

**16.** निम्नलिखित में मूल स्वर नहीं है–

(क) ई (ख) अ
(ग) उ (घ) ऋ उत्तर–(क)

**17.** निम्नलिखित में अर्ध स्वर है–

(क) च, छ (ख) य, व
(ग) प, फ (घ) ए, ऐ उत्तर–(ख)

**18.** निम्नलिखित में संयुक्त व्यंजन नहीं है–

(क) क्ष (ख) ज्ञ
(ग) द्य (घ) ऋ उत्तर–(घ)

**19.** निम्नलिखित में लुण्ठित व्यंजन है–

(क) ल (ख) क
(ग) र (घ) ण उत्तर–(ग)

LEO College

**20.** निम्नलिखित में अनुनासिक शब्द है–

(क) संशय (ख) दंत

(ग) नहीं (घ) हंस उत्तर–(ग)

**21.** निम्नलिखित में तत्सम शब्द है–

(क) सूड़ँ (ख) रसगुल्ला

(ग) आँख (घ) अग्नि उत्तर–(घ)

**22.** निम्नलिखित में तद्भव शब्द है–

(क) अंधकार (ख) अस्थि

(ग) विवाह (घ) सात उत्तर–(घ)

**23.** निम्नलिखित में देशज शब्द नहीं है–

(क) चाट (ख) पटाखा

(ग) दुर्बल (घ) चुटकी उत्तर–(ग)

**24.** निम्नलिखित में तत्सम शब्द नहीं है–

(क) रात्रि (ख) खीर

(ग) क्षेत्र (घ) अंगरक्षक उत्तर–(ख)

**25.** निम्नलिखित में तद्भव शब्द है–

(क) हाथ (ख) दक्षिण

(ग) वर्षा (घ) लज्जा उत्तर–(क)

**26.** निम्नलिखित में विकारी नहीं है–

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम

(ग) क्रिया विशेषण (घ) विशेषण उत्तर–(ग)

**27.** निम्नलिखित में जातिवाचक संज्ञा है–

(क) रामायण (ख) बचपन

(ग) लालिमा (घ) पानी उत्तर–(घ)

**28.** 'मैं <u>स्वयं</u> खाना खा लूँगा'– वाक्य में रेखांकित शब्द में सर्वनाम है–

(क) प्रश्नवाचक (ख) निजवाचक

(ग) निश्चयवाचक (घ) संबंधवाचक उत्तर–(ख)

LEO College

**29.** निम्नलिखित में अकर्मक क्रिया का उदाहरण है–

(क) वे धर्मात्मा कहलाते हैं।　　(ख) मनोहर खा रहा है।

(ग) राम ने रावण को मारा।　　(घ) मनोज ने उसे घर से निकाल दिया।　　उत्तर–(क)

**30.** निम्नलिखित में विशेषण है–

(क) ज्ञान　　(ख) मरियल

(ग) भीतर　　(घ) चलना　　उत्तर–(ख)

**31.** 'भरत <u>धीरे–धीरे</u> चलता है' वाक्य में रेखांकित शब्द हैं–

(क) क्रिया विशेषण　　(ख) संज्ञा

(ग) निपात　　(घ) संबंधबोधक अव्यय　　उत्तर–(क)

**32.** निम्नलिखित में निपात का प्रयोग किस वाक्य में हुआ है ?

(क) वह तो गया भी था।　　(ख) नमिता बहुत समझदार है।

(ग) गीता सुबह से रो रही है।　　(घ) रश्मि नियमित अध्ययन करती है।　　उत्तर–(क)

**33.** निम्नलिखित में अव्यय का भेद नहीं है–

(क) क्रिया विशेषण　　(ख) संबंधबोधक

(ग) समुच्चय बोधक　　(घ) नामधातु क्रिया　　उत्तर–(घ)

**34.** समुच्चयबोधक अव्यय का प्रयोग किस वाक्य में हुआ है ?

(क) वह प्रतिदिन नाश्ता करता है।　　(ख) राम और सीता जा रहे हैं।

(ग) कृष्ण ने सुदर्शन चक्र चलाया।　　(घ) अजय ने जोर से पुकारा।　　उत्तर–(ख)

**35.** विस्मयादिबोधक अव्यय का प्रयोग किस वाक्य में हुआ ?

(क) हे भगवान ! इतना भ्रष्टाचार।　　(ख) जो करेगा वो भरेगा।

(ग) धीरे–धीरे जीवन बीत रहा है।　　(घ) जटायु की निष्ठा ने उसे मोक्ष दिलाया।　　उत्तर–(क)

**36.** स्वर संधि के भेद हैं–

(क) 4　　(ख) 3

(ग) 6　　(घ) 5　　उत्तर–(घ)

**37.** 'भुवनेश' शब्द में संधि है–

(क) यण् संधि　　(ख) गुण संधि

(ग) दीर्घ　　(घ) वृद्धि　　उत्तर–(ख)

**38.** 'परमाणु' शब्द में समास है–

(क) अव्ययीभाव　　(ख) कर्मधारय

(ग) द्विगु　　(घ) द्वंद्व　　उत्तर–(ख)

LEO College

LEO College

**39.** निम्नलिखित में संस्कृत उपसर्ग नहीं है–
(क) अति (ख) निः
(ग) अध (घ) प्रति उत्तर–(ग)

**40.** निम्नलिखित में कृत प्रत्यय का उदाहरण है–
(क) अड़ियल (ख) सुनार
(ग) मिठास (घ) चचेरा उत्तर–(क)

**41.** वाक्य के कितने अंग होते हैं ?
(क) 5 (ख) 3
(ग) 2 (घ) 4 उत्तर–(ग)

**42.** निम्नलिखित में सरल वाक्य का उदाहरण नहीं है–
(क) राम और भरत भाई थे। (ख) आप जेल जाएँगे या जुर्माना भरेंगे।
(ग) कृष्ण ने सुदर्शन चक्र धारण किया। (घ) राम वनवास गए। उत्तर–(ख)

**43.** मिश्र वाक्य का उदाहरण है–
(क) हीमा दास बहुत तेज दौड़ती है। (ख) मुझे दही पसंद है और उसे घी।
(ग) कृष्ण ने अर्जुन से कहा कि बाण चलाओ। (घ) वह दौड़कर बस पकड़ता है। उत्तर–(ग)

**44.** निम्नलिखित में अशुद्ध वाक्य है–
(क) वह सायंकाल घूमने जाता है। (ख) नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं।
(ग) महादेवी वर्मा कवयित्री थीं। (घ) वह पतंग बना कर उड़ा रहा है। उत्तर–(घ)

**45.** निम्नलिखित में विधानार्थक वाक्य है–
(क) बच्चे खेल रहे हैं। (ख) बच्चे नहीं खेल रहे हैं।
(ग) क्या बच्चे खेल रहे हैं। (घ) हो सकता है बच्चे आज खेलें। उत्तर–(क)

**46.** निम्नलिखित में महादेव का पर्यायवाची नहीं है–
(क) भूतेश (ख) चंद्रचूड़
(ग) ईशान (घ) मकरध्वज उत्तर–(घ)

**47.** असंगत विलोम शब्द है–
(क) आकर्षण–विकर्षण (ख) सामिष–आमिष
(ग) उत्कर्ष–अपकर्ष (घ) कुख्यात–विख्यात उत्तर–(ख)

**48.** 'गेय–ज्ञेय' शब्द युग्म का क्रमशः अर्थ है–
(क) जानने योग्य–गाने योग्य (ख) गाने योग्य–जानने योग्य
(ग) जानने योग्य–मिलने योग्य (घ) मिलने योग्य–गाने योग्य उत्तर–(ख)

**49.** 'पहाड़ के ऊपर की समतल भूमि' शब्द समूह के लिए सही शब्द है–
(क) अधित्यका (ख) उपत्यका
(ग) आकाशवृत्ति (घ) अनुगामी उत्तर–(क)

**50.** 'वाचाल' शब्द का अर्थ है–
(क) सोच समझकर कम बोलने वाला। (ख) अधिक बोलने वाला।
(ग) अधिक खर्च करने वाला। (घ) गाली–गलौच करने वाला। उत्तर–(ख)

**51.** निम्नलिखित में लोकाक्ति है–
(क) उड़ती चिड़िया पहचानना। (ख) आकाश के तारे तोड़ना।
(ग) घोड़े बेचकर सोना। (घ) ऊँची दुकान फीके पकवान। उत्तर–(घ)

**52.** 'चुपड़ी और दो–दो' लोकोक्ति का अर्थ है–
(क) लाभ पर लाभ होना। (ख) पेट भरकर स्वादिष्ट भोजन करना।
(ग) भोजन होने पर भी भूखा रह जाना। (घ) अधिक खाने से बीमार हो जाना। उत्तर–(क)

**53.** 'एक लाठी से हाँकना' मुहावरे का अर्थ है–
(क) शासन जमा देना। (ख) जानवरों को उनकी सही जगह पहुँचा देना।
(ग) एक ही प्रहार में जीत होना। (घ) सब को समान समझना। उत्तर–(घ)

**54.** 'चाँदी का जूता मारना' मुहावरे का अर्थ–
(क) इज्जत खराब करना। (ख) धोखा देना।
(ग) रिश्वत देना। (घ) अपमान करके भूल जाना। उत्तर–(ग)

**55.** 'अधजल गगरी छलकत जाए' लोकोक्ति का अर्थ है–
(क) अल्पज्ञानी अधिक इतराता है। (ख) अत्यधिक विद्वान व्यक्ति।
(ग) ज्ञान सब जगह व्यक्त होता है। (घ) महामूर्ख होना। उत्तर–(क)

**56.** 'किसी से कोई मतलब न रखना' अर्थ के लिए लोकोक्ति है–
(क) उल्टे बाँस बरेली को (ख) न ऊधो का लेना न माधो का देना।
(ग) आगे नाथा न पीछे पगहा। (घ) मन चंगा तो कठौती में गंगा। उत्तर–(ख)

**57.** 'अनमेल मिश्रण' अर्थ के लिए सही लोकाक्ति है–
(क) अपना हाथ जगन्नाथ (ख) आधा तीतर आधा बटेर
(ग) आगे नाथ न पीछे पगहा (घ) का वर्षा जब कृषि सुखाने उत्तर–(ख)

**58.** 'उड़ती चिड़िया पहचानना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(क) बहुत अनुभवी होना (ख) ज्ञान का प्रदर्शन करना
(ग) अज्ञान का प्रदर्शन करना (घ) चिड़िया को निशाने पर लेना उत्तर–(क)

LEO College

LEO College

**59.** भेजे गए पत्र का उत्तर समय पर न मिलने पर भेजा जाता है–
(क) परिपत्र (ख) अनुस्मारक
(ग) कार्यालयी पत्र (घ) ज्ञापन उत्तर–(ख)

**60.** पत्र कितने प्रकार के होते हैं ?
(क) 2 (ख) 4
(ग) 3 (घ) 6 उत्तर–(क)

**61.** किसी काम को पूर्व निर्धारित समय और पूर्व निर्धारित कीमत पर करवाने के लिए निकाला जाता है–
(क) अधिसूचना (ख) निविदा
(ग) कार्यालय आदेश (घ) परिपत्र उत्तर–(ख)

**62.** राजकीय कार्यालयों द्वारा परस्पर किया जाने वाला पत्र व्यवहार कहलाता है–
(क) व्यक्तिगत (ख) अनौपचारिक
(ग) औपचारिक (घ) व्यावहारिक उत्तर–(ग)

**63.** 'Defamation' के लिए सही शब्द है–
(क) शिष्टता (ख) यथोपरि
(ग) मानहानि (घ) तत्काल उत्तर–(ग)

**64.** 'Adhoc' के लिए सही शब्द है–
(क) तदर्थ (ख) निर्धारण
(ग) अनुमति (घ) दुराचरण उत्तर–(क)

**65.** 'Apprentice' के लिए सही शब्द है–
(क) अनुच्छेद (ख) परिशिष्ट
(ग) संवर्ग (घ) प्रशिक्षु उत्तर–(घ)

**66.** 'Archaeology' के लिए सही शब्द है–
(क) वास्तु विज्ञान (ख) पुरातत्व विज्ञान
(ग) जंतु विज्ञान (घ) भूगर्भ विज्ञान उत्तर–(ख)

**67.** 'Attorney General' के लिए सही शब्द है–
(क) लेखा नियंत्रक (ख) महानिरीक्षक
(ग) महान्यायवादी (घ) कुलसचिव उत्तर–(ग)

**68.** ‘Cadre’ के लिए सही शब्द है–

(क) परिसर (ख) रोकड़िया

(ग) परिचारक (घ) संवर्ग उत्तर–(घ)

**69.** ’आयोग’ के लिए सही शब्द है–

(क) Circle (ख) Collector

(ग) Commission (घ) Court उत्तर–(ग)

**70.** ‘May be issued’ के लिए सही शब्द समूह है–

(क) शून्य और निष्प्रभावी (ख) प्रसारित किया जाए

(ग) निहित स्वार्थ (घ) सम्मति न देना उत्तर–(ख)

**71.** ’कुलाधिपति’ के लिए सही शब्द है–

(क) Chancellor (ख) Proprietor

(ग) Auditor (घ) Treasurer उत्तर–(क)

**72.** ‘वित्त नियंत्रक’ के लिए सही शब्द है–

(क) Coordinator (ख) Superintendent

(ग) Controller (घ) Comptroller उत्तर–(घ)

**73.** ‘Beyond the control of’ के लिए सही शब्द समूह है–

(क) तह तक पहुँचना (ख) अनुमोदन की प्रतीक्षा में

(ग) के नियंत्रण से परे (घ) अपेक्षाओं की पूर्ति उत्तर–(ग)

**74.** ‘Behalf on of’ के लिए सही शब्द समूह है–

(क) की ओर से (ख) तह तक पहुँचना

(ग) के अनुसार (घ) सर्वाधिकार सुरक्षित उत्तर–(क)

**75.** ‘Ditto’ के लिए सही शब्द है–

(क) यथोपरि (ख) यथावसर

(ग) यथाक्रम (घ) यथोचित उत्तर–(क)

**76.** Computer का मस्तिष्क है–

(क) CPU (ख) Memory

(ग) Input Devices (घ) Chip उत्तर–(क)

LEO College

LEO College

**77.** 'Computer' का जनक किसे कहा जाता है ?

(क) बिल गेट्स | (ख) चार्ल्स बेबेज
(ग) ई. सुंदरम | (घ) नारायण सत्यमूर्ति

उत्तर–(ख)

**78.** 'Computer' के किस भाग को नर्व सेंटर कहते हैं ?

(क) हार्डवेयर | (ख) की–बोर्ड
(ग) स्क्रीन | (घ) कंट्रोल यूनिट

उत्तर–(घ)

**79.** 1 K.B. में कितने बाईट होते हैं ?

(क) 1020 | (ख) 1000
(ग) 1024 | (घ) 100

उत्तर–(ग)

**80.** भारत में निर्मित पहले कमप्यूटर का नाम है ?

(क) परम | (ख) सिद्धार्थ
(ग) प्रथम | (घ) इंनफोसिस

उत्तर–(ख)

**81.** WWW (world wide web) के आविष्कारक कौन हैं ?

(क) चार्ल्स बेबेज | (ख) बिल गेट्स
(ग) टीम बर्नस ली | (घ) एडवर्ड कासनर

उत्तर–(ग)

**82.** निम्नलिखित में सर्वप्रथम विकसित कमप्यूटर भाषा है–

(क) बेसिक | (ख) पास्कल
(ग) फोरट्रोन | (घ) कोबोल

उत्तर–(ग)

**83.** अवांछित मेल को क्या कहते हैं ?

(क) बम्ब | (ख) स्पैम
(ग) वर्म | (घ) फैटबोट

उत्तर–(ख)

**84.** गूगल है–

(क) ऑपरेटिंग सिस्टम | (ख) सर्च इंजन
(ग) ब्राउज़र | (घ) वायरस

उत्तर–(ख)

**85.** किसी वेबसाईट के मुख्य पृष्ठ को कहते हैं–

(क) होम पेज | (ख) सर्च पेज
(ग) बुक मार्क | (घ) ब्राउज़र पेज

उत्तर–(क)

**86.** यूनीकोड मुख्यतः है–

(क) फोण्ट | (ख) टंकण टूल
(ग) टंकण का तरीका | (घ) तकनीक

उत्तर–(घ)

**87.** निम्नलिखित में से किस ऑपरेटिंग सिस्टम पर यूनीकोड से काम किया जा सकता है ?

(क) विंडोज़ 95 (ख) विंडोज़ 98

(ग) विंडोज़ 2000 (घ) विंडोज़ एक्सपी उत्तर–(घ)

**88.** GIST Unicode tool किसके द्वारा निर्मित है ?

(क) भारत सरकार (ख) माइक्रोसोफ्ट कंपनी

(ग) गूगल कंपनी (घ) चीन सरकार उत्तर–(क)

**89.** निम्नलिखित में फिल्म समीक्षक है–

(क) डेविड धवन (ख) राजकपूर

(ग) मनोज कुमार (घ) तरण आदर्श उत्तर–(घ)

**90.** निम्नलिखित में समीक्षक के लिए उचित नहीं है–

(क) गहन अध्ययन (ख) तात्विक समीक्षा दृष्टि

(ग) पूर्वाग्रह (घ) उपर्युक्त सभी उत्तर–(ग)

**91.** श्रेष्ठ फिल्म समीक्षा का निर्धारण होता है–

(क) अनुभव द्वारा (ख) जनता द्वारा

(ग) रेटिंग द्वारा (घ) उपर्युक्त सभी उत्तर–(ग)

**92.** पुस्तक समीक्षा का उद्देश्य है–

(क) ज्ञान देना (ख) समझ विकसित करना

(ग) परिचय देना (घ) इनमें से कोई नहीं उत्तर–(ग)

**93.** निम्नलिखित में पुस्तक समीक्षक नहीं है–

(क) रामचंद्र शुक्ल (ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ग) नामवर सिंह (घ) केदारनाथ सिंह उत्तर–(घ)

**94.** फिल्म समीक्षा के लिए आवश्यक है–

(क) निष्पक्षता (ख) तकनीकी समझ

(ग) संयम (घ) उपर्युक्त सभी उत्तर–(घ)

**95.** भाषा के क्षेत्र में कोश का मूल अर्थ है–

(क) शब्द संग्रह (ख) भाषा संग्रह

(ग) वर्तनी संग्रह (घ) उपर्युक्त सभी उत्तर–(क)

LEO College

**96.** शिक्षा मंत्रालय द्वारा तकनीकी कोश की स्थापना कब हुई ?
(क) 1980 ई. (ख) 1950 ई.
(ग) 1990 ई. (घ) 2014 ई. उत्तर–(ख)

**97.** शब्दकोश के अनुसार निम्नलिखित में पहले आने वाला शब्द है–
(क) काल (ख) कबूतर
(ग) केसर (घ) कुमार उत्तर–(ख)

**98.** शब्दकोश के अनुसार निम्नलिखित में पहले आने वाला शब्द है–
(क) दोहराना (ख) देहात
(ग) दूरभाष (घ) दुराचारी उत्तर–(घ)

**99.** केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा प्रकाशित शब्दकोश है–
(क) हिंदी अंगरेजी शब्दकोश (ख) व्यावहारिक हिंदी अंगरेजी शब्दकोश
(ग) संस्कृत हिंदी कोश (घ) हिन्दी शब्द सागर उत्तर–(ख)

**100.** 'Google Chrome' है–
(क) वेब ब्राउज़र (ख) वेब पेज
(ग) सर्च इंजन (घ) इंटरनेट उत्तर–(क)

LEO College